
वर्ष- 2025-26 , अंक -12 वां, माह – अक्तूबर 2025 – मार्च 2026

# यूको रायपुर प्रभा

रायपुर अंचल की छमाही हिंदी –ई पत्रिका




अंचल कार्यालय, रायपुर

तेलीबांधा मरीन ड्राइव, छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर , प्रथम तल , रायपुर (छत्तीसगढ़)

फोन नंबर – 0771-4233103

ई–मेल zoraipur.ol@ucobank.co.in

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

**संरक्षक**

सुश्री – वीणा कुमारी
(उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रबंधक)

**मार्गदर्शन**

श्री अमोल बा. मांडरे
(सहायक महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रबंधक)

**परामर्श मण्डल**

**संपादक**

श्री अमित कुमार सरवर

(वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा)

**विषय सूची**


1. अंचल प्रबंधक का संदेश
2. उप अंचल प्रबंधक का संदेश
3. संपादकीय
4. बैंक स्थापना दिवस पर रक्तदान
5. श्री बसंत साहू जी से शिष्टाचार भेट
6. विकसित भारत और बैंकिंग पर लेख श्रीमती पंकजिनी
7. सेक्टर01 शाखा का कार लोन पर ग्रुप चित्र
8. ऑटो एक्स्पो पर यूको बैंक का स्टॉल
9. साइबर जागरूकता पर कार्यशाला
10. जन्मदिन की झलकियाँ
11. वृक्षारोपण
12. रश्मिरथी की पंक्तियाँ
13. पीएमजेजेबीवाई , रि-केवाईसी
14. वसूली विजिट
15. विश्वकर्मा जयंती
16. लोक अदालत की सहभगिता
17. अगरखार शाखा का जीर्णोधार
18. गणतंत्र दिवस का आयोजन बघेरा शाखा
19. भाटागाँव शाखा का शुभारंभ
20. विश्व हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी
21. आओ छत्तीसगढ़ जाने प्रतोयोगिता

## अंचल प्रबन्धक महोदया जी का संदेश

प्रिय यूकोजन

मुझे इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी यूकोजनों को संबोधित करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है साथ ही इस रायपुर अंचल में 01 वर्ष हो गया है आप लोगों के मध्य रहते हुए। रायपुर अंचल ने वित्त वर्ष 2025-26 में चालू खाता ,कासा, कुल जमा , टर्म डिपॉज़िट, पैरामीटर के लक्ष्यों को प्राप्त किया है। प्रधान कार्यालय से उच्च प्रबंधन द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए हम सभी **एक टीम**,**एक स्वप्न,एक लक्ष्य** की भावना को आत्मसात करते हुए अर्जुन की भाँति हम सबका ध्यान अपने लक्ष्य को साधने में होना चाहिए।

शाखाओं से अनुरोध है कि अपने ग्राहकों से नियमित रुप से जुड़ाव बनाए रखें और उन्हें डिजिटल उत्पादों से जोड़कर उनकी शाखा पर होने वाली निर्भरता को कम करने का प्रयास किया जाए और इस कार्य के लिए आप स्टाफ सदस्यों के साथ –साथ बैंक सखी एवं बीसी का सहयोग अपेक्षित है। ऐसा करने से हम अपनी लागत और लगने वाले शारीरिक श्रम को कम कर सकते है। डिजिटल ऑनबोर्डिंग आज के समय की मांग है जिसमें क्यूआर कोड, साउंड बॉक्स, व्हाट्सएप बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड , डिजिटल एफ़डीआर, एसटीपी से ऋण स्वीकृत और रिनिवल आदि के लिए प्रधान कार्यालय के मार्गदर्शन में नियमित लॉगिन डे मनाया जा रहा है।

ऋण वितरण में उसकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए जिससे फ्रेश स्लिपेज को कम किया जा सके , टर्म लोन और सीसी में मेंडेट जरूर लिया जाए जिससे एसएमए खातों को सुरक्षित किया जा सके। साथ ही कम लागत वाली जमाओं के संग्रहण, डिजिटल माध्यम को प्रोत्साहन देना।

शाखाओं को अपने परिसर को साफ- सुथरा और सुव्यस्थित रखना भी जरूरी है और शाखा में जो प्रयोग योग्य वस्तु नहीं है उसे संग्रह करके न रखें। शाखा के स्टाफ बैंकिंग जानकारी को अपडेट रखें और ग्राहकों के साथ सांझा करें।

शाखा हर माह 15 तारीख से पहले –पहले ग्राहक के साथ मिलन समारोह का आयोजन शाखा में किया जाए और उसका कार्यवृत बनाया जाए। ऐसे बचत खाते जहां शून्य बैलेन्स में खोले गए है उनमे फडिंग कराना सुनिश्चित करें। हर सप्ताह कम से कम 01 लोन खाता खोला किया जाए और उसका संवितरण (Disbursement) भी हो। कोई भी पोर्टल पेंडिंसी होने पर गंभीरता से लिया जाएगा। सभी ऋण खातों में नाच (Nach) अनिवार्य रूप से लिया जाए।

इस वर्ष पदोन्नति प्राप्त साथियों को बहुत –बहुत बधाई हो । जिन साथियों को पदोन्नति प्राप्त नहीं हुई है उनके लिए बस यही है कि आगे और बेहतर प्रयास करें। आप सभी अपने लक्ष्यों में सफल हो यही मेरी शुभकामना है।

**वीणा कुमारी**
**अंचल प्रबंधक एवं उपमहाप्रबंधक**



## उप अंचल प्रमुख  महोदय जी का संदेश

हमारे रायपुर अंचल के लिए यह बहुत ही गौरव और प्रसत्रता की बात है कि आपकी सच्ची कर्तव्यनिष्ठा, कार्य के प्रति अटूट समर्पण द्वारा हमारे अंचल ने विगत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सर्वोत्कृष्ठ कार्य-निष्पादन करते हुए अधिकांश लक्ष्यों में सफलता अर्जित की है। इस सफलता का सारा श्रेय आप सभी  यूकोजनों को जाता है। आप सभी  इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

हमारे अचल ने प्रधान कार्यालय द्वारा निर्धारित अधिकांश लक्ष्यों को प्राप्त किया है जो निम्रानुसार है:-

कुल व्यवसाय, कुल जमा, बचत जमा, कासा, थोक जमा, कुल अग्रिम, रिटेल ऋण, कार लोन, कृषि अग्रिम, कोर एमएसएमई, उन्नयन (अपग्रेडेशन) और में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

उत्क्त मानदंडों में हमने निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए सर्वोत्कृत कार्य-निष्पादन किया है। आप सभी ने अपने कठोर प्रयास और अत्यधिक परिश्रम से अंचल के मान-सम्मान में निरंतर वृद्धि की है।

हम आशा करते हैं कि वित्तीय वर्ष 2026-27 और शानदार हो। समृद्धि, व्यावसायिक विकास, व्यक्तिगत पूर्णता और सौभाग्यपूर्ण होगा। हम पूरे जुनून और समर्पण के साथ काम करना जारी रखें।

आप सभी भली- भांति परिचित है कि छत्तीसगढ़ राज्य एक हिन्दी भाषीय राज्य होने के कारण  बैंकिंग कार्यों में अधिक से अधिक हिन्दी भाषा का प्रयोग करें । यह कहने कि आवश्यकता नहीं है की आम जनता की भाषा में काम करने से कार्यों में न सिर्फ सरलता, सुगमता और पारदर्शिता रहती है अपितु उसके परिणाम भी सुखद होते है।  शाखाओं के माध्यम से होने वाली ग्राहक मिलन समारोह में हिन्दी में वार्तालाप की जाए और आगामी प्रकाशित होने वाले पत्रिका के अंक के लिए आप सभी शाखाओं से सहयोग की अपेक्षा  है जिसमें आप स्टाफ सदस्यों के  बैंकिंग विषयों पर लेख / निबंध , यात्रा वृतांत , आदि अंचल कार्यालय , राजभाषा विभाग को प्रेषित की जाए।

पुनः आप सभी से अनुरोध है कि आप बैंकिंग व्यवसाय में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सतत प्रयासरत रहें और सभी मानदंडों में उचित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अपने स्तर से विशेष प्रयास करते रहें।

**हार्दिक शुभकामनाओं सहित,**



## संपादक की कलम से

रायपुर अंचल की गृह ई-पत्रिका का 12 वां अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। आप सभी के अपार सहयोग से मेरा यह सम्पादन कार्य पूर्ण हो पाया है।

इस पत्रिका के प्रकाशन का मुख्य उद्देश्य हिंदी के प्रगामी प्रयोग को अधिक से अधिक बढ़ाना है एवं हम **'क'** क्षेत्र में होने के कारण हमारी राजभाषा (हिंदी) के प्रति प्रमुख जिम्मेदारी बनती है। अंचल में अधिक से अधिक हिंदी में कार्य हो मेरा ऐसा प्रयास रहता है। साथ ही इस प्रयास का दायित्व मेरे साथ- साथ आप सभी यूकोजन का भी है। जब शाखाओं का राजभाषा निरीक्षण किया जाता है तो शाखाओं में कई राजभाषा के नियमों का उल्लंघन पाया जाता है जैसे फ़ाइल एवं रजिस्टर पर लिखें जाने वाले नाम सिर्फ अँग्रेजी भाषा में होना, मोहरें एक ही भाषा में होना खासकर अँग्रेजी भाषा में उपलब्ध होती है। इस अंक में शाखाओं में क्या क्या राजभाषा हिन्दी के संबंध में अनुपालन किया जाना है उसका विस्तृत वर्णन किया गया है।

मुझे एचआरएम विभाग में काम करने दौरान कुछ शाखाओं से पूछे जाने वाले प्रश्नों का वर्णन किया गया है जैसे पावर चेंज, पासवर्ड रीसेट सैलरी चेंज शीट, एलपीएस, टीए बिल से संबधित आदि जिज्ञासाओं का हल बताया गया है।

मैं इस पत्रिका के माध्यम से हमारे स्थानांतरित होकर आए साथियों का रायपुर अंचल में स्वागत करता हूँ। उनके नए आगमन के लिए बधाई देना चाहूंगा साथ ही उनके नए कार्यभार व नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं भी देता हूँ। इस अवसर पर हिंदी से संबंधित ज्ञान वर्धक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया, साथ ही नराकास के तत्वावधान में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन भी सम्पन्न किया गया। हिंदी यूनिकोड पर अंचल के कार्यरत स्टाफ के लिए यूनिकोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंत में, मैं इस अंचल के समस्त साथियों से निवेदन करूंगा कि अगर इस ई-पत्रिका में कुछ कमियाँ हो तो मुझे अवश्य अवगत कराएं ताकि अगला अंक और बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत कर सकूँ।

**अमित कुमार सरवर**
**वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)**
**अंचल कार्यालय , रायपुर**

यूको बैंक के 84 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अंचल कार्यालय के स्टाफ द्वारा रक्त दान करते हुए।









राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित श्री बसंत साहू जी से उनकी घर पर सौजन्य भेंट का अवसर प्राप्त हुआ।
इस अवसर पर उन्हें अपने बैंक शाखा से जोड़ते हुए एफ़डीआर का हस्तांतरण किया गया।
श्री बसंत साहू जी को दिसंबर 2025 में माननीय राष्ट्रपति द्वारा National Award for Empowerment of Persons with Disabilities से सम्मानित किया गया।
95% दिव्यांगता के बावजूद उनकी प्रेरणादायक कला और अदम्य साहस समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



# विकसित भारत की बैंकिंग

भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। इसका लक्ष्य भी महत्वाकांक्षी है – 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद का है । बैंकिंग क्षेत्र का अर्थव्यवस्था पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बैंकिंग क्षेत्र को स्थिर, लचीला और स्थायी लाभप्रदता प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। फिक्की और आईबीए के सहयोग से आयोजित एक कार्यक्रम में एफआईबीएसी 2024 में जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अपनी मज़बूत नींव के साथ, भारतीय बैंकिंग उद्योग विकसित भारत मिशन के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करता है। ऐसे में बैंकिंग क्षेत्र को महत्वपूर्ण सुधार की आवश्यकता होगी।

**विकसित भारत की बैंकिंग:** बदलते भारत में ग्राहकों की जरूरतें भी बदल रही हैं बैंकिंग के व्यवहार बदल रहे है। साधारण ग्राहक अब उधारकर्ता बन रहे हैं, जिससे मार्जिन और तरलता पर दबाव बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में, लागत आय की तुलना में तेज़ी से बढ़ी है। यह प्रौद्योगिकी खर्च में तेज़ी से वृद्धि के कारण हुआ है और इसके और तेज़ी से बढ़ने की उम्मीद है। बैंकों को अपने परिचालन मॉडल को पूरी तरह से पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता होगी। डिजिटल परिपक्वता के संदर्भ में, चुनिंदा भारतीय बैंक दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बैंकों की श्रेणी में हैं। कुल मिलाकर, बैंकों को भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे द्वारा प्रस्तुत अवसर का लाभ उठाने की आवश्यकता है। बैंकों को भविष्य के लिए तैयार रहने और भविष्य की क्षमताओं को पूरी तरह अपनाने के लिए संचालन और तकनीकी लचीलापन, ईएसजी, एआई और जेनएआई की आवश्यकता होगी। विकसित भारत की बैंकिंग की कल्पना की जाए तो ये कुछ इस प्रकार होगी:

**डिजिटल करेंसी में लेन-देन** – डिजिटल करेंसी को भविष्य की कंरेसी भी कहा जाता है। डिजिटल करेंसी वह पैसा है जो पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रूप में मौजूद होता है और इसे छुआ नहीं जा सकता है। यह भौतिक नकदी (जैसे सिक्के और नोट) का एक डिजिटल विकल्प है जिसे कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से प्रबंधित, स्टोर और ट्रांसफर किया जाता है। इसके कुछ उदाहरणों में भारत का डिजिटल रुपया और क्रिप्टोकरेंसी (जैसे बिटकॉइन) आदि शामिल हैं। यह ऑनलाइन खरीदारी और ट्रांसफर को तेज और आसान बनाती है।यह भौतिक नकदी छापने और संभालने की लागत को कम कर सकती है। भारत में ई-रुपी को लॉन्च करने का मतलब डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम बढ़ाना भी होगा, क्योंकि मोबाइल और इंटरनेट-आधारित भुगतानों को अपनाने में वृद्धि के साथ-साथ बोझिल सीमा-पार लेनदेन प्रक्रिया में भी सुधार होगा।

**ब्रांच बैंकिंग व्यवस्था का अंत** – भौतिक शाखाओं को बनाए रखने में किराया, उपयोगिताओं और कर्मचारियों सहित भारी परिचालन लागत आती है। ये खर्च डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े खर्चों की तुलना में काफ़ी ज़्यादा हो सकते हैं, जो अक्सर कम ओवरहेड के साथ संचालित होते हैं। तकनीकी प्रगति पारंपरिक शाखा बैंकिंग मॉडल को बदल देगी।

**तकनीकी आधारित सेवाएं** – बैंको ने तकनीकी का भरपूर उपयोग किया है कम्प्यूटरीकरण से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक हो या भविष्य में आने वाली कोई अन्य तकनीक हो भारतीय बैंक इनका प्रयोंग बढ़चढ़ कर किया है। विकसित बैंकिंग में बैंकों द्वारा तकनीकी का भरपूर प्रयोग कर अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रादान कर लाभ अर्जित किया जाऐगा। जैसे वर्तमान में जिसमें एआई आधारित ग्राहक सेवा जैसे डिजिटल कियोस्क जो ग्राहकों को विभिन्न बैंकिंग कार्य स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम बनाते हैं। उन्नत

एटीएम/आईटीएम जो साधारण नकद निकासी और जमा से परे सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करते हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी जो ऑनलाइन और ऑफलाइन बैंकिंग अनुभवों को एकीकृत करती है, जिससे ग्राहकों के लिए डिजिटल और शाखा सेवाओं के बीच स्विच करना आसान हो जाता है। इसके साथ भविष्य बैंकों द्वारा भविष्य में नई तकनीक का भी भरपूर प्रयोंग प्रयोग कर सेवाएं दी जाऐगी।

**ग्लोबल बैंकिग** – सीमा पार बैंकिंग एक बहुत बड़ी समस्या है। परंतु भविष्य में बैंकों द्वारा डिजिटल बैंकिंग की और विस्तार से प्रतीत होता है कि भविष्य में सीमा पार बैंकिंग आसान होगी। और ग्लोबल लेन-देन तेज गति से हो सकेगा।

**डाटाबेस आधारित संचालन** – भविष्य में डाटाबेस बैंकिंग क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका में रहेगा। जहां व्यक्ति का समस्त डाटा सेव रहेगा और बैंकिंग सुविधाएं हो ऋण देने हेतु निर्णय लेना आसान और तीव्र हो जाएगा। भविष्य की बैंकिंग डाटाबेस आधारित होने से जोखिम मुक्त हो सकेगी।

**वित्तीय असमानता का अंत** – लगातार बैंकिंग व्यवस्था में सुधार से भारत डिजिटल भारत की तरफ तेजी से अग्रसर हो रहा है ऐसे में डिजिटल बैंकिंग से डी.बी.टी आदि योजना से समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक उनकी राशि को बिना गबन के पहुचाई जा रही है। जिसके लिए सभी व्यक्तियों के पास बैंक खाता होना अनिवार्य है जिससे भविष्य में सभी व्यक्ति बैंकों तक पहुच भी होगी और वित्तीय असमानता को अंत हो सकेगा।

**चुनौतियां:** यह पूरी तरह से डिजिटल होने के कारण प्रौद्योगिकी पर निर्भर करती है, और तकनीकी खराबी या साइबर हमले से समस्या हो सकती है। ब्रांच बैंकिंग व्यवस्था का अंत होने और तकनीकी के अधिक प्रयोग से कई लोगों का कार्य इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्म के माध्यम से होने लगेगा जो बेरोजगारी का मुख्य कारण होगा। भारत की आबादी का लगभग 30 प्रतिशत भाग अभी भी अशिक्षित व अल्प शिक्षित है जिससे वह डिजिटल बैंकिंग का स्वीकार करने में असमर्थ है।

**निष्कर्ष:**

भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे ने आधार, यूपीआई और जनधन के माध्यम से पहुँच में क्रांति ला दी है, और अगला पड़ाव डीपीआई 2.0 प्लेटफ़ॉर्म जैसे अकाउंट एग्रीगेटर और यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफ़ेस (यूएलआई) में है। अपनी पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए, बैंकों को लेन-देन से आगे बढ़कर ग्राहकों को सहज, संपूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करना होगा जो विश्वास, सरलता और सर्व-चैनल समर्थन का संयोजन करता हो, और साथ ही जनरल एआई का भी लाभ उठा सकेंगे। ऐसा करके, बैंक समावेशन को गहरा होगा, ग्राहक संबंधों को मज़बूत कर सकते हैं और एक वास्तविक विश्वस्तरीय डिजिटल बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंगे। भारतीय बैंकिंग का भविष्य उज्जवल, स्थिर, समावेशित व तकनीकी व डाटाबेस आधारित होगा।

**पंकजिनी मिश्रा**
**क.स. – 54817**
**सहायक प्रबंधक**
**एस.एम.ई.व एग्री हब, रायपुर**


CONGRATULATIONS!
Congratulations to
team Bhilai Sector 1 under
vibrant leadership of
Mr. Subhash
for achieving 50 car loans in FY 2025-26








GPS Map Camera
Tuta, Chhattisgarh, India
Sector 23,, Sector 23, Tuta, Chhattisgarh 492018, India
Lat 21.150195° Long 81.753647°




बैंकिंग के बारे में हमे जो पसंद है वह है
डोरस्टेप बैंकिंग!
PSB Alliance
Transforming Together
सभी के लिए!
पिक अप सेवाएं
• चेक/ ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर
• नए चेक बुक के लिए मांग पर्ची
• IT/GST चालान की स्वीकृति
• फॉर्म 15G और 15H
• जारी किये गए निर्देश अनुसार
• RTGS / NEFT निधि अंतरण अनुरोध
• नॉमिनी फार्म
डिलीवरी सेवाएं
• खाता विवरणी
• सावधि जमा रसीदें
• TDS/ फॉर्म 16 प्रमाणपत्र
• ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर
• गिफ्ट कार्ड
अन्य सेवाएं
• कैश निकासी सेवाएं (डेबिट कार्ड / ऐईपीऐस)
• जीवन प्रमाणपत्र
• कैश जमा सेवाएं
रजिस्टर करें
संपर्क क्रमांक +91 9152220220
Or
वेबसाइट www.psballiance.com
Or
डाउनलोड:
Google play
App Store


यूको बैंक
UCO BANK
ना टोकन ना कतार!
नक़द निकासी सेवा आपके द्वार पर
सुरक्षित एवं समय बचत सेवा
बेहद सुविधाजनक!
आपके दरवाज़े नक़द निकासी सेवा* का अनुरोध करे
PSB Alliance
Transforming Together
संपर्क क्रमांक +91 9152220220
Or
वेबसाइट www.psballiance.com
Or
डाउनलोड:
Google play
App Store

# साइबर जागरूकता  पर अंचल कार्यालय में कार्यशाला






# अंचल कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के जन्मदिन की झलकियाँ












FOUNDATION DAY
Celebration
PLANTATION
DRIVE




Galaxy S24 Ultra




UCO BANK
FOUNDATION DAY
Celebration
PLANTATION
DRIVE
5th January 2026
GPS Map Camera
Bilaspur, Chhattisgarh, India
452r+qg7, Bilaspur, Chhattisgarh 495006, India
Lat 22.101686° Long 82.192532°
Monday, 05/01/2026 04:45 PM GMT +05:30
Google


UCO BANK
JANUARY 2026
Celebration
DRIVE


UCO
BANK



*रश्मिरथी* की पंक्तियां

1. जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है।

2. याचना नहीं, अब रण होगा, जीवन जय या कि मरण होगा।

3. है कौन विघ्न ऐसा जग में, टिक सके वीर नर के मग में, खम ठोंक ठेलता है जब नर, पर्वत के जाते पांव उखड़।

4. मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है।

5. सच है विपत्ति जब आती है, कायर को ही दहलाती है। सूरमा नहीं विचलित होते, क्षण एक नहीं धीरज खोते।

7. सौभाग्य न सब दिन सोता है, देखें आगे क्या होता है।

8 लेकिन, नौका तट छोड़ चली, कुछ पता नहीं, किस ओर चली। यह बीच नदी की धारा है, सूझता न कूल-किनारा है। ले लील भले यह धार मुझे, लौटना नहीं स्वीकार मुझे।

9. तेजस्वी सम्मान खोजते नहीं गोत्र बतलाके, पाते हैं जग से प्रशस्ति अपना करतब दिखलाके।

10. मित्रता बड़ा अनमोल रतन, कब इसे तोल सकता है धन, धरती की तो है क्या बिसात, आ जाय अगर वैकुण्ठ हाथ।

- दिनकर जी






यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust

## केवाईसी/पुनः केवाईसी अद्यतनीकरण

प्रिय ग्राहक,

आपका केवाईसी/पुनः केवाईसी अद्यतन होना शेष है। यदि आपकी आईडी और पता बैंक के रिकॉर्ड के अनुसार समान है तो आप इसे " REKYC " ( स्पेस ) SAME ( स्पेस ) Date of Birth (DD/MM/YYYY)" प्रारूप में, उदाहरण के लिए "REKYC SAME 20/05/1969" अपने पंजीकृत मोबाईल नं. से 9222200799 पर एसएमएस भेजकर अद्यतन कर सकते है।

पते, ओवीड़ी और अन्य विवरणों में परिवर्तन के मामले में कृपया घोषणा-पत्र के साथ नवीनतम आईडी, पता प्रमाण पासपोर्ट आकार की एक फोटो पंजीकृत डाक, कोरियर, ई-मेल ( शाखा ई-मेल ) के माध्यम से भेजे या शाखा स्टाफ से सम्पर्क करें।


कृपया ध्यान दे कि समय से केवाईसी विवरण जमा/ अद्यतन नहीं किया जाता है तो बैंक आपके खाते की डेबिट फ्रीज कर सकता है।

कृपया विस्तृत दिशानिर्देश के लिए हमारी वेबसाइट www.ucobank.com देखे।

शाखा प्रबंधक






बॉस प्रतिरूपण
घोटाले की चेतावनी!
FAKE
CSOC
आजकल, धोखेबाज वरिष्ठ अधिकारियों / संगठनों के शीर्ष प्रबंधन की तस्वीर के साथ, व्हाट्सएप, टेलीग्राम आदि जैसे त्वरित संदेश ऐप के माध्यम से फर्जी संदेश भेज रहे हैं और सहयोगियों से तत्काल मौद्रिक सहायता की मांग कर रहे हैं।
चेतावनी संकेत
संस्था के वरिष्ठ अधिकारियों/शीर्ष प्रबंधन से आने का दिखावा करता है।
तत्काल मौद्रिक सहायता की मांग करना, जैसे गुमनाम खाते में धन हस्तांतरण, उपहार कार्ड खरीदना आदि।
तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाना।
फोन पर किसी निश्चित अवधि के लिए संबंधित अधिकारी/शीर्ष प्रबंधन की अनुपलब्धता के बारे में सूचित करना।
ऐसे घोटाले से बचने के लिए सुझाव
सिर्फ वॉट्सऐप प्रोफाइल पिक्चर से मैच करके मैसेज पर भरोसा न करें।
अज्ञात/अज्ञात नंबर से प्राप्त संदेशों का जवाब देने से बचें।
किसी भी अजनबी के कहने पर कभी भी पैसे का लेन-देन न करें या गिफ्ट कार्ड न खरीदें।
संदेश की प्रामाणिकता की पुष्टि हमेशा ज्ञात विश्वसनीय स्रोतों से करें।
सरकार के चक्षु पोर्टल (https://sancharsaath.gov.in) पर संदिग्ध संचार की रिपोर्ट करें
साइबर अपराध और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की रिपोर्ट साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 और रिपोर्टिंग पोर्टल (https://www.cybercrime.gov.in) पर करें।
सुरक्षा सलाहकार 172 दिनांक: 15.11.2025
सीआईएसओ कार्यालय
ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में डायल करें 1930
WWW.CYBERCRIME.GOV.IN
CYBERDOST
यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम)
(A Govt. of India Undertaking)
सम्मान आपके विश्वास का
Honours Your Trust










सत्यमेव जयते
वित्तीय सेवाएं विभाग
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार
वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के सुगम और
त्वरित निपटान के लिए अभियान
अक्टूबर - दिसंबर 2025
देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में
यूको बैंक
UCO BANK
"आपकी पूँजी, आपका अधिकार"
"आपकी पूँजी आपका अधिकार"
"आपकी पूँजी आपका अधिकार"
जागरुकता, सुगमता एवं क्रियान्वयन
SEBI
irdai
pfrda
IEPF




NISHANT

NISHANT


NISHANT







ANNAPURNA



# भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती





## भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

वास्तुकला के देवता, निर्माण और नवाचार के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा को नमन।
वे न केवल सृष्टि के प्रथम इंजीनियर और शिल्पकार हैं, बल्कि हमें यह सिखाते हैं  कि "कर्म ही पूजा है"।
आज के दिन हम अपने श्रम, कौशल और रचनात्मकता को एक नई दिशा देने का संकल्प लें।
विश्वकर्मा जयंती केवल एक परंपरा नहीं, यह मेहनत, समर्पण और निर्माणशीलता की आराधना है।
अपने कार्यस्थल, औजारों और तकनीक के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का यह पावन अवसर है।



यूको बैंक UCO BANK
राष्ट्रीय लोक अदालत
रायपुर
नेशनल लोक अदालत
यूको बैंक




राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर
UCO BANK
Durg, Chhattisgarh, India



83rd YEAR OF THE NATION'S TRUST
यूको बैंक
UCO BANK
UNCLAIMED FUNDS
आपकी जमा राशि,
आपका अधिकार!
अभियान अवधि :
01 अक्टूबर - 31 दिसंबर 2025
अगर आपके पास अप्राप्त जमा राशि
(Unclaimed Deposits) है, तो हम उसे
आसानी से वापस पाने में आपकी मदद करेंगे।
अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम यूको बैंक शाखा
या हमारी आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क करें।
1800 8910 (Toll Free) 8334001234 7666399400 Follow us


The candle of liberty has always been kept lit by a few vigilant.
Vigilance is not only the price of liberty but of success of any sort
Eternal vigilance is the price of democract.
VIGILANCE: OUR SHARED RESPONSIBILITY
सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी
VIGILANCE AWARENESS WEEK 2025
27TH OCTOBER TO 2ND NOVEMBER 2025
सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025
27 अक्टूबर 2025 से 2 नवम्बर 2025
यूको बैंक
UCO BANK


VIGILANCE: OUR SHARED RESPONSIBILITY
vivo V27 Pro


यूको बैंक UCO BANK
VIGILANCE: OUR SHARED RESPONSIBILITY
सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी
VIGILANCE AWARENESS WEEK 2025
27TH OCTOBER TO 2ND NOVEMBER 2025
सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025
27 अक्टूबर 2025 से 2 नवम्बर 2025
यूको बैंक
UCO BANK



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Ispat Bhoomi - 02 Nov 2025 - Page 6

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सम्मिलित थे।

बैंक कर्मियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ली शपथ

कार्नर न्यूज

# ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने ली शपथ, बैंकिंग फ्राड से बचने नागरिकों को किया जागरूक, निकाली रैली

भिलाई। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को दुर्ग जिले में यूको बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रैली निकालते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ ली और लगातार बढ़ रहे बैंकिंग फ्राड से बचने आम जनता को जागरूक भी किया। यूको बैंक भिलाई सेक्टर-1, सिविक सेंटर, नेहरू नगर, कोहका, मरोदा, चरोदा, सिरसा, दुर्ग आदि शाखाओं के ब्रांच मैनेजर व कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ ली। सभी सेक्टर-1 में एकत्रित हुए जहां से लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने रैली निकालते हुए सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेवारी हर किसी को समझनी होगी : सुभाष कुमार

सेक्टर-1 ब्रांच के चीफ मैनेजर सुभाष कुमार ने कहा कि जनता का भरोसा कायम रखना बैंककर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान के दौरान कर्मचारियों को नैतिक मूल्यों, जवाबदेही और सेवा भावना को प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही ग्राहकों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के मामले की सूचना तुरंत बैंक प्रबंधन को दें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन का थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। सुविधा और सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मवारी हर किसी को समझनी होगी। जो जहां हैं वहीं अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करें।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में सेक्टर-1 ब्रांच के चीफ मैनेजर सुभाष कुमार, आईएलएच स्वागतम दास, सौम्या रंजन ब्रांच हेड सिविक सेंटर, विवेक आनंद ब्रांच हेड चरोदा, अमित कुमार साहू ब्रांच हेड ट्रई जंक्शन, विकास कुमार ब्रांच हेड बीआईटी दुर्ग, प्रीति ब्रांच हेड शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग, जयारधन होता ब्रांच हेड मरोदा, सुधीर ब्रांच हेड नेहरू नगर, विजय ब्रांच हेड कोहका, प्रतीक ब्रांच हेड सिरसा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।






## अगरखार शाखा का जीर्णोद्धार

**यूको बैंक, अगरखार शाखा और एटीएम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में फीता काट कर शाखा का उद्घाटन किया। बैंक में कार्यरत सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दिया व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुझे पूरी उम्मीद है की यह शाखा क्षेत्र के नागरिकों को उत्तम बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी और आर्थिक प्रगति में भी योगदान देगी। यह न केवल ग्राहकों की सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि व्यवसायों और उद्यमियों के लिए भी नए अवसर खोलेगी।**

**इस अवसर पर यूको बैंक की डीजीएम रायपुर वीणा तिवारी जी, संजीव कुमार जी, सत्य शिव पांडा जी, श्वेता प्रधान जी, पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन जी, श्री कौशल देवांगन जी, मंडल अध्यक्ष श्री मनोज लहरे जी, श्री नारायण ठाकुर जी, श्री तुलसी ठाकुर जी, श्री ईश्वर साहू जी, श्री अंजय जी, श्री किशोर साहू जी, श्री संजय कुर्मवंशी शी जी, पार्षद श्री मुकुंद कंवर जी सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे।**



***********************************************************************************

चैप्टर-01 – **Finacle unlock**

Unlock जो भी आता है वो 10 मिनट बाद ऑटोमेटिक अनलॉक हो जाता है.

****************************************************************************************

**चैप्टर-02 – Password Reset या पासवर्ड भूल गए**

जब फ़िनेकल का पासवर्ड याद नहीं है या भूल गए हैं तब

Password reset change

जब भी पासवर्ड reset कराते हैं zo से उसका by default password होगा।

Ucobank@1234

केवल U केपिटल में होगा बाकी सब स्मॉल में।

**********************************************************************************

## चैप्टर-03 – प्रतिनियुक्ति (Deputation)

पॉइंट (1):- जो भी स्टॉफ किसी ब्रांच को डेपुटेशन पर जाते हैं तो उस स्थिति में सोल चेंज जोनल ऑफिस HRMS के माध्यम से करता है।

05 मिनिट बाद

Point : - (2) उसका वेरिफिकेशन उस ब्रांच के HRMS में होगा जिस ब्रांच में डेपुटेशन पर गए है।

Point:- (3) वेरिफिकेशन में BH या ABH, HRMS में जाकर manage transfer>finacle Sol change (deputation) पर क्लिक करेंगे

उसी प्रकार वापस अपनी Base ब्रांच को जाएंगे उस स्थिति zo sol change करेगा। Point 1 के अनुसार

HRMS में उस Branch के BH या ABH verification करेगे 5 मिनट बाद zo से confimation मिलने पर।

**********************************************************************************

## चैप्टर-04 - Officiating Allowance

केवल CSA यानि क्लर्क

जब CSA शाखा में हेड कैशियर या स्पेशल असिस्टेंट के लिए Officiating Allowance क्लेम करता है तो उस स्थिति में hrms में Officiating Type में other को सिलेक्ट करना है।

*************************

जब CSA या हेड कैशियर या स्पेशल असिस्टेंट के द्वारा किसी ऑफिसर के पद पर कार्य किया है तो Higher cadre scale

सिलेक्ट करना है।

नोट : हेड कैशियर को senior customer service associate (SCSA) और स्पेशल असिस्टेंट को स्पेशल कस्टमर सर्विस एसोशिएट (SPCSA) के नाम से जाना जाता है।

**********************************************************************

## चैप्टर-05 – फेस्टिवल ऋण तय समय सीमा से पहले बंद करना / festival advance close before end date.

जितना राशि outstanding है उतना राशि इस पार्किंग कहते में जमा कर दें 71041032220001 Along with full details like your emp no , Txn no,

Loan account no, amount , branch name, Sol etc.

Also sent a mail to ho.esw@ucobank.co.in

*****************************************************************************************

## चैप्टर-06 - Finacle में पॉवर चेंज से संबंधित सूचना

सबसे पहले आप Hrm डिपार्टमेंट को ईमेल करेंगे और cc में zoraipur.ol@ucobank.co.in को करेंगे।

पॉवर चेंज और वेरीफाई हमारे अंचल कार्यालय में hrm या OL दोनों में से कोई एक एंट्री करेगा या कोई एक वेरीफाई।

पॉवर चेंज केवल ईमेल से सूचना प्राप्त होने के उपरांत ही किया जाएगा, व्हाट्सप्प की सूचना से नहीं।

अगर आपने पॉवर चेंज की रिक्वेस्ट ईमेल hrm को ही की है तो फिर फोन मुझे यानी अमित सरवर को कॉल मत करना।

आपको हुई असुविधा के लिए मुझे खेद है क्योंकि मुझे भी रोज रोज असुविधा होती है।

पॉवर चेंज में finacle वाली पूरी id लिखे जैसे amit kumar sarwar का ak046943

Actual Post and कौनसा पॉवर चाहते हो, कब तक के लिए पॉवर चाहिए आदि जानकारी जरूर दे।

पूरी id , उदाहरण जैसे : **- ak046943**

Actual पद ,

कौनसा पॉवर चाहिए ,

कब तक चाहिए

*****************************************************************************

## चैप्टर-08 - सेलरी चेंज शीट

सेलरी में लगने वाला Increment जो अब हैड ऑफिस लेवल पर लगता है, उसे अपनी सैलरी चेंज शीट में उल्लेख नहीं कीजीए। चाहे किसी भी संवर्ग या कैडर में हों।

दूसरा

Staff को मिलने वाला Officiating pay को अब HRMS के माध्यम से अप्लाई करना होता है। उसी माध्यम से अप्लाई कीजीए, उसका सैलरी चेंज शीट में उल्लेख नहीं कीजीए।

तीसरा

सैलरी चेंज शीट हार्ड कॉपी भेज दे या ईमेल कर दीजिए, दोनों कार्य एक साथ मत कीजिए।

आप प्रोविजनल सैलरी स्लिप में आप देख सकते हैं, क्या है और क्या नहीं।

**********************************************************

**चैप्टर-09 TA बिल से संबंधित मुख्य ध्यान रखने योग्य बातें -** स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि TA बिल दावा करते समय एक बार जरूर यह पत्र पढे और उसके अनुसार अपने स्टाफ के TA बिल अंचल कार्यालय को प्रेषित करें खासकर कुछ बिन्दुओं को विशेष धन रखे

(1) यात्रा का Tour Approval जरूर कराएं और दावा करते समय उसको अपलोड करें। यदि CRT से संबंधित है तो शाखा द्वारा जो पत्र जारी किया जाता है जिसमें हम फला –फला कर्मचारियों को नकद राशि देने का कष्ट करें या नकद राशि जमा करें या सॉइल नोट बदलने से सनबधित एक शाखा से दूसरी शाखा या एक बैंक से दूसरी बैंक आदि से संबंधित पत्र जारी होता है उसे अपलोड करें

(2) ट्रेनिंग के लिए अपना ट्रेनिंग लेटर जरूर अपलोड करें।

(3) बैंक के नियमानुसार Diem Allowance करें , यदि ट्रेनिंग आरटीसी भोपाल में हुई है तो Diem Allowance 1/3 मिलेगा जितने दिन आरटीसी में रुके यदि क्लर्क या सब स्टाफ रुका है तो ।

नोट : यदि अधिकारी वर्ग है तो (1/4) मिलेगा।

(4) बैंक का GST नंबर - 22AAACU3561B2ZX टिकिट में दर्ज कराएं अन्यथा GST राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा

(5) यदि होटल लिया गया है तो उसमें भी GST नंबर दर्ज कराएं किन्तु अब GST नंबर उस राज्य का होगा जिस राज्य में होटल लिया गया है, और उस स्थिति में Diem Allowance आपके मिलने वाले राशि का 35 प्रतिशत मिलेगा। उदाहरण के लिए क्लर्क स्टाफ का Diem Allowance राशि 1000 रु है तो अब आपको 350 रु मिलेगा।

(6) ट्रेनिंग और ट्रान्सफर के मामलों में Tour approval नहीं लगता है आप सीधे TA बिल दावा करें ।

(7) ओला या उबर लिया गया है तो उसका बिल लगाएँ ।

(08) प्रयास करें कि सारे सबसे पहले tour approval या ट्रेनिंग लेटर लगाये , उसके बाद ट्रेन टिकट या बस टिकट , होटल बिल , लोकल भाड़ा जैसे ओला , उबर आदि का बिल एक बार में ही वन शॉर्ट अपलोड करें एक ही tab में , अलग- अलग tab में अपलोड करने से बचे , यदि फ़ाइल का का साइज़ ज्यादा है तो आप दूसरे tab में जरूर अपलोड करें ।

(09) पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करें ।

(10) शाखा प्रबन्धक TA BILL पास करते समय उपरोक्त बातों का ध्यान में रखें।

(11) Ta बिल स्वीकृत करने की अंतिम अथॉरिटी प्रधान कार्यालय,कोलकाता है।

| स्टेज | | Status TA बिल टैब में | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| स्टेज - 01 | जब क्लर्क या सब स्टाफ टीए बिल सबमिट करेगा | Submitted | |
| स्टेज -02 | जब शाखा प्रबन्धक verify करेगा | Verified | |
| स्टेज -03 | जब अंचल कार्यालय रायपुर आगे वेरिफाई | Recommended | ZO वाले REJECTED भी कर सकते है |
| स्टेज -04 | जब प्रधान कार्यालय से स्केल 02 या 03 वेरिफ़ाई | Passed | |
| स्टेज -05 | जब प्रधान कार्यालय से मुख्य प्रबन्धक वेरिफ़ाई | Sanctioned | शाखा स्तर पर राशि का डेबिट क्रेडिट करें |
| | यदि प्रधान कार्यालय से रिजेक्ट हुआ तो | Saved | कृपया अपनी बताई गई कमियाँ देखें |

**चैप्टर-12-** LPS पावर से संबंधित जैसे पावर लेना , पासवर्ड Reset, पावर बढ़ाना, आदि आदि कार्य हेतु ईमेल अंचल कार्यालय के एचआरएम को ईमेल करें और सिर्फ सुश्री नीलिमा कुमोदनी इक्का जी से संपर्क करें और उनकी अनुपस्थिति में श्री शिव कुमार जी से संपर्क करें।

---

**गणतंत्र दिवस**

***_तीन रंग का नही वस्त्र, ये ध्वज देश की शान हैं_***

***_हर भारतीय के दिलों का स्वाभिमान हैं,_***

***_यही है गंगा, यही हैं हिमालय, यही हिन्द की जान हैं,_***

***_और तीन रंगों में रंगा हुआ ये अपना हिन्दुस्तान हैं._***

**गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ.._***

**तिरंगे की छाया में जब,**
**भारत ने गणतंत्र अपनाया,**
**वीरों के त्याग, शहीदों के स्वप्न,**
**संविधान ने रूप सजाया।**

**कलम से लिखी जो आज़ादी,**
**कानून बना उसका अभिमान,**
**न्याय, समानता, बंधुत्व में**
**बसता है मेरा हिंदुस्तान।**

**आओ फिर एक प्रण दोहराएँ,**
**कर्तव्य पथ पर कदम बढ़ाएँ,**
**एकता, अखंडता की शक्ति से**
**भारत को विश्वगुरु बनाएँ।**

**77वें गणतंत्र दिवस की**
**समस्त देशवासियों को**

**हृदय से हार्दिक शुभकामनाएँ।**

**जय हिंद**

****************************************************************

## भाठागाँव शाखा, का शुभारंभ

यूको बैंक की छत्तीसगढ़ राज्य में 63 वीं शाखा के रूप में भाठागाँव शाखा, रायपुर का शुभारंभ आज दिनांक- 25.02.2026 को माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में अंचल प्रमुख सुश्री वीणा कुमारी, उप अंचल प्रमुख श्री अमोल बी. मंडारे तथा यूको बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी के यूको बैंक के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी –भूरी प्रशंसा की और यूको बैंक द्वारा बस्तर जैस बैंकिंग विहीन क्षेत्रों में बैंकिंग शाखाएँ खोलने की सराहना की और बैंक के व्यापार को बढ़ाने में भरपूर सहयोग की बात की साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वसन भी दिया।

नई शाखा व्यवसायीक दृष्टीकोण से महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित है। शाखा के समीप बस स्टेण्ड, सब्जी मंडी एवं प्रमुख आवासीय क्षेत्र स्थित है, जिससे क्षेत्र के व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों एवं परिवारों को बैंकिंग सेवाओं का सीधा लाभ मिलेगा। बैंक प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस पहल से क्षेत्र में वित्तीय समावेशन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा अधिकतम लोगों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त होगी।

इस अवसर पर का अंचल प्रमुख सुश्री वीणा कुमारी ने आश्वस्त किया कि जिस तरह छत्तीसगढ़ राज्य प्रगति की ओर अग्रसर है उसी प्रकार यूको बैंक भी अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।क्षेत्र में और एक शाखा इसी वित्तीय वर्ष में पदनाभपुर क्षेत्र में खुल रही है और छत्तीसगढ़ के अन्य सभी जिलों में शाखा खोले जाने का प्रस्ताव विचाराधीन है। जिसे आगामी वित्तीय वर्ष में पूरा करने की योजना है। बैंक ने सभी ग्राहकों, शुभचिंतकों तथा भागीदारों से निवेदन किया है कि नई शाखा के कारोबार वृद्धि में अपना सक्रिय योगदान दें।







<u>विश्व हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी</u>

**प्रधान कार्यालय से प्राप्त क्रमांक एचओ/राजभाषा/232/(27/5)/2023-24 दिनांक 10.06.2025 के अनुसार विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन अंचल कार्यालय स्तर पर किये जाने का प्रावधान संकल्प कार्य योजना 2025-26 के बिन्दु क्रमांक 07 पर किया गया है।इस संबंध में संगोष्ठी दिनांक 09.01.2026 को ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अतः इस संगोष्ठी में सत्र लेने के लिए मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में एसबीआई से सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) श्री रजनीश यादव जी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , स्थानीय प्रधान कार्यालय , तिरुअनंतपुरम (केरल) , को आमंत्रित किया गया।**

**कार्यक्रम का संचालन एवं आभार राजभाषा विभाग के वरिष्ठ प्रबन्धक (राजभाषा) श्री अमित कुमार सरवर जी ने किया।**



<u>“आओ छत्तीसगढ़ जाने “ प्रतियोगिता का आयोजन</u>

**यूको बैंक के 84 वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 06.01.2026 को बाल आश्रम , रायपुर में अंचल कार्यालय , राजभाषा विभाग, रायपुर द्वारा “आओ छत्तीसगढ़ जाने “ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 09 से लेकर 11 वीं तक के छात्रों के लिए छत्तीसगढ़ से संबंधित सामान्य ज्ञान बहूविकल्प परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 25 से अधिक छात्रों द्वारा बढ़ – चढ़कर सभगिता की गई और जिसमें प्रथम , द्वितीय , तृतीय , दो सांत्वना पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के प्रमुख श्री अनिल चंद्राकार जी , यूको बैंक से अंचल प्रमुख सुश्री वीणा कुमारी जी , श्री अमोल बा मांडरे , श्री चंकी राज सिंह, श्री दीपक चौहान, नाहिदा आलिम , मयंक तिवारी आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री अमित कुमार सरवर, वरिष्ठ प्रबन्धक (राजभाषा) जी द्वारा किया गया।**



# एडवाइजरी

बीमा पॉलिसियों में बहुत से बातें ऐसी है कि अगर इन बातों का ध्यान नहीं रखा गया तो एक दिन बहुत कष्टदायी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

एक सामान्य बैंकर को कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है जब उसे पॉलिसी कीकॉपी प्राप्त होती है।

**<u>बीमा पॉलिसी जिसमें लाइफ + हेल्थ+ जनरल तीनों शामिल है।</u>**

| क्र. | महत्वपूर्ण बातें | |
|---|---|---|
| | सबसे पहले पॉलिसी कॉपी प्राप्त होती है तो उसमें निम्नलिखित बातें / बिन्दुओं की जांच करें : - | |
| 01 | पॉलिसी होल्डर का नाम यानि जिसके नाम से बीमा हुआ है | नाम पूरा चेक करें , नाम की स्पेलिंग चेक करें , नाम जैसा आधार कार्ड में है उसी प्रकार नाम होना चाहिए उदाहरण के लिए पॉलिसी होल्डर का नाम राकेश कुमार गुप्ता है तो पॉलिसी में उसका नाम पूरा राकेश कुमार गुप्ता होना चाहिए , ना की राकेश कुमार , राकेश गुप्ता आदि , |
| | उम्र | उम्र वही होना चाहिए जो उस वक्त उसकी है , पॉलिसी कॉपी में जन्मतिथि चेक करें। |
| | लिंग | पॉलिसी होल्डर महिला है या पुरुष है यह जरूर चेक करें |
| | नॉमिनी | नॉमिनी का नाम चेक करें , नाम वही होना चाहिए जो पॉलिसी लेते समय जानकारी में नाम दिया गया था, नॉमिनी का लिंग , जन्मतिथि जरूर चेक करें |
| | नॉमिनी के साथ संबद्ध | पॉलिसी होल्डर का नॉमिनी के साथ क्या संबद्ध है , जैसे पिता –पुत्र , पुत्र –पिता , माँ- बेटे , बेटा –माँ , भाई- भाई , बहन –बहन , भाई – बहन , बहन –भाई जो भी स्थिति हो |
| | पॉलिसी अवधि | यदि पॉलिसी कितने साल के लिए issue की गई है , कई पॉलिसी एक साल , वाली होती है जैसे कार का बीमा , वाहन बीमा , हेल्थ पॉलिसी , यानि इन पॉलिसी का प्रीमियम हर साल देकर पुनः पॉलिसी कॉपी जारी होती है। |
| | प्रीमियम paying टर्म (PPT) | प्रीमियम कितने सालों तक देना है |
| | प्रीमियम paying frequency | प्रीमियम हर साल देना है, हर छमाही , तिमाही या हर माह , कैसे देना है |
| | पता | पॉलिसी में पता जरूर चेक करें , |
| | | |

नॉन लाइफ यानि जनरल बीमा (गाड़ी , घोड़ा, स्टॉक , फ़ैक्टरी, जिसमें माल या स्टॉक का बीमा होता है व्यक्ति का नहीं।

Address – अधिकतम मामलों में पॉलिसी होल्डर का ऑफिस का पता अलग होता है और उसकी यूनिट /फ़ैक्टरी/ कारखाना /गोडाउन का पता अलग होता है ऑफिस के पते से ,

जब बीमा कंपनी क्लैम के आने पर देखती है कि पॉलिसी में एड्रैस मैच नहीं हो रहा है मतलब पॉलिसी बॉन्ड में वह एड्रैस नहीं है जो माल /स्टॉक का लॉस हुआ है।

अतः ऐसे केस में आप कंपनी को स्पष्ट कर दें कि उसका ऑफिस और यूनिट /फ़ैक्टरी/ कारखाना /गोडाउन का पता अलग – अलग है।

कई मामलों में क्लैम कंपनी द्वारा प्रथम बार में ही रिजैक्ट कर दी है।

दूसरा क्लैम रिजैक्ट का कारण : जिस गतिविधि का बीमा किया गया है मलतब पॉलिसी होल्डर या कस्टमर किस वस्तु का निर्माण करता है /सेवा देता है , तो ऐसे केस में पॉलिसी उसी वस्तु या स्टॉक का बीमा होना चाहिए , कई बार बैंक या बीमा कंपनी कि गलती से स्टॉक का description बादल जाता है , जैसे एक यूनिट है जयकारा industrious जो की पोहा बनाने का काम करी है तो उसका बीमा पोहा का होना चाहिए , बीमा पॉलिसी में उसका स्टॉक पोहा होना चाहिए ,

यदि क्लैम आया और बीमा कंपनी ने क्लैम रिजैक्ट किया कि पॉलिसी बनी है स्टॉक आ रहा है जूते , चप्पल तो इस केस में कंपनी क्लैम नहीं देगी।

अतः पॉलिसी बॉन्ड जब शाखा में आता है तो ऊपर बताई गई सब बातों को पढ़ लीजिये ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।

..........................................................................

# शाखाओं में रजिस्टर /फ़ाइल पर लिखें जाने वाले नाम

| क्रमांक | फ़ाइल का नाम हिंदी में | Name of file in English |
|---|---|---|
| 01 | सुइट फ़ाइल रजिस्टर | Suit File register |
| 2 | लॉकर रजिस्टर | Locker register |
| 3 | लॉकर ऑपरेट रजिस्टर | Locker operate register |
| 4 | रोकड़ सारांश | Cash summary |
| 5 | उपस्कर एवं जुड़नार रजिस्टर | Furniture & fixture Register |
| 6 | एटीएम कार्ड जारी रजिस्टर | ATM card Issue register |
| 7 | एटीएम पिन जारी रजिस्टर | ATM PIN issue REGISTER |
| 8 | आगंतुक बुक (विजिटर बुक) | VISITOR BOOK |
| 9 | चेक बुक जारी रजिस्टर | CHEQUE BOOK ISSUE REGISTER |
| 10 | शिकायत रजिस्टर | COMPLAINT REGISTER |
| 11 | अनुदान रजिस्टर | Subsidy REGISTER |
| 12 | स्वर्ण ऋण बंद रजिस्टर | Gold loan closed register |
| 13 | केवाईसी फ़ाइल | KYC file |
| 14 | ए.एम.सी रजिस्टर | AMC register |
| 15 | ई.एम.टी.डी. रजिस्टर | EMTD register |
| 16 | इनवेंटरी रजिस्टर | INVENTORY register |
| 17 | प्रयोगकर्ता आई डी मेंटनेंस रजिस्टर | USER ID MENTANCE register |
| 18 | सेफ कस्टडी आर्टिकल रजिस्टर | Safe custody articles register |
| 19 | रोकड़ प्रेषण रजिस्टर | CASH REMITTANCE REGISTER |
| 20 | कैश मूवमेंट रजिस्टर | CASH MOVEMENT REGISTER |
| 21 | वाउचर रजिस्टर | VOUCHER register |
| 22 | स्टॉप पेमेंट निर्देश रजिस्टर | STOP PAYMENT INSTRUCTION register |
| 23 | चेक वापसी रजिस्टर | CHEQUE RETURN REGISTER |
| 24 | स्टैंडिंग इन्सट्रक्शन रजिस्टर | STANDING INSTRUCTION register |
| 25 | लोन प्रोपजल प्राप्त रजिस्टर | LOAN PROPOSAL RECIVED register |
| 26 | सरकार द्वारा प्रायोजीत प्राप्त ऋण प्रकरण रजिस्टर | GOVT SPONSORED LOAN PROPOSAL RECEIVED register |
| 27 | सुइट फ़ाइल्ड रजिस्टर | SUIT FILED register |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | स्टॉक स्टटमेंट रजिस्टर | STOCK STATEMENT register |
| 29 | प्री और पोस्ट निरीक्षण रजिस्टर | PRE AND POST INSPECTION register |
| 30 | बीमा पॉलिसी एवं देय रजिस्टर | INSURANCE POLICY CUM DUE DATE register |
| 31 | लिमिट स्वीकृत रजिस्टर | LIMIT SANCTIONED register |
| 32 | डीसीबी रजिस्टर | DCB register |
| 33 | लॉकर किराया रजिस्टर | LOCKER RENT register |
| 34 | सेक्युर्टी रजिस्टर | SECURITY register |
| 35 | स्टॉक स्टेटमेंट फ़ाइल | Stock statement file |
| 36 | वेंडर फ़ाइल | Vender file |
| 37 | हिंदी फ़ाइल | HINDI file |
| 38 | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक | Meeting of the O.L.I.C. |

**<u>कच्चे आम ( कैरी ) का पना</u>**

सामाग्री :

1. कच्चे आम (कैरी ) – 2-3
2. भुना जीरा पाउडर – 2 छोटी चम्मच
3. काला नमक – स्वादानुसार (2 छोटी चम्मच)
4. काली मिर्च पाउडर – ¼ छोटी चम्मच
5. चीनी – ½ - ¾ कप (स्वादानुसार)
6. पोदीना – 20-30 पत्तियाँ

विधि :

कच्चे आम धोईए इन्हे छील कर गुठली से गूदा अलग कर लीजिये इस गूदे को एक कप पानी डालकर उबाल लीजिये, अब इस उबली पल्प को मिक्सी में चीनी, काला नमक और पोदीना के पत्तों को मिलाकर पीस लीजिये, पीस कर एक लिटर पानी मिलाइये और छान लीजिये। अब इसमे काली मिर्च पाउडर और भुना जीरा पाउडर डालिए और अछे से मिलाइये, आम का पना तैयार है। सर्व करने के लिए एक गिलास मे आम का अपना डालिए बर्फ की क्यूब डालिए और पोदीना के पत्तों से सजाइये और ठंडा ठंडा सर्व करिए। आम का पना फ्रीज़ मे रख कर 4-5 दिन तक उपयोग किया जा सकता है

पहले जब चूल्हे पर खाना बना करता था तब चूल्हे की राख में दबाकर कच्चे आम को भून लिया करते थे और इनहि भुने हुए कच्चे आम से आम का पना बनाया करते थे। आजकल आम को उबाल कर पीस कर आम का पना बनाया जाता है लेकिन इन उबले आमो को छील कर पल्प निकालने के बजाए कच्चे आम को उबलने से पहले छिलना अधिक सुविधाजनक है।

**************************************************************

# किसान की खुशहाली और जिंदगी में नयी उमंग यूको बैंक के कृषि ऋण के संग




- यूको किसान तत्काल योजना
- कृषि उपज के विपणन हेतु किसानों को वित्तपोषण योजना, अर्थात गोदाम/शीत भंडारण रसीद के आधार पर
- सौर सिंचाई पंपसेट योजना
- यूको अमृत धारा
- कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केंद्र (ACABC)
- कृषि मुद्रा ऋण
- केसीसी गोल्ड लोन
- यूको किसान सर्व प्रयोजन सावधि ऋण योजना
- पीएमएफएमई
- चावल शेलर
- मत्स्य पालन
- पशुपालन एवं मत्स्य पालन के लिए केसीसी
- यूको कृषि कनकधारा योजना
- कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ)
- यूको खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण इकाई
- किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)
- ग्रीन हाउस खेती
- शीत भंडारण और शीत-श्रृंखला अवसंरचना के निर्माण/
- बागवानी और बागान फसलों के वित्तपोषण की योजना
- किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)

Toll Free Help Line : 1800 8910 Whatsapp Banking Say "Hi" to 8334001234

UCOBankofficial UCOBankofficial Official.ucobank UCO BANK UCO Bank Official

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)

सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust